(2299)

श्री रितुराज कुमार, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0- 18/2/1564 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवदेन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलांतर्गत घोसी विधानसभा में फल्गु नदी से प्रभावित क्षेत्रों में घोसी एवं हुलासगंज प्रखंड सर्वाधिक प्रभावित होता है, तथा प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में तटबंध कटाव एवं बाढ़ का गंभीर खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार फल्गु नदी के फ्लड बैंक के निर्माण हेतु कबतक कोई विस्तृत परियोजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि झारखंड राज्य की ओर से बिहार में कई बरसाती नदियाँ प्रवाहित होती है । इन नदियों पर लगभग 1750 कि0मी0 की लम्बाई में लघु/जमींदारी बांध निर्मित है, जो मानक एवं विशिष्टियों के अनुरूप नहीं है। जिसके कारण भारी वर्षा तथा झारखंड की ओर से अत्यधिक जलश्राव आने पर बांध के क्षतिग्रस्त होने की सम्भावना बनती है । झारखंड राज्य के जलग्रहण क्षेत्रो में निरंतर अत्यधिक वर्षापात के कारण बाढ़ अवधि 2025 में फल्गु नदी में अत्यधिक जलश्राव प्रवाहित हुआ एवं फल्गु नदी पर अवस्थित उदेरास्थान बराज पर अबतक का अधिकतम जलश्राव 1.26 लाख क्यूसेक दर्ज किया गया। साथ ही बाढ़ 2025 के दौरान ही 1.15 लाख क्यूसेक एवं 0.73 लाख क्यूसेक जलश्राव भी प्रवाहित हुआ, जिससे लघु बाँध/ जमींदारी बाँध प्रभावित हुआ है । जहानाबाद, नालंदा एवं पटना जिलान्तर्गत फल्गु नदी बेसीन, पंचाने नदी बेसीन तथा दरधा नदी बेसीन में लघु बाँध/ जमींदारी बाँध के सुरक्षार्थ एक विस्तृत योजना तैयार की गई है, जिसमें प्रश्नगत क्षेत्र शामिल है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–19/2026 पटना/दिनांक ....

प्रतिलिपि :–उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–18/2/1564 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–19/2026 पटना/दिनांक :..

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–19/2026 पटना/दिनांक :..

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, बाढ़ (मो0), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–19/2026 1587 पटना/दिनांक : 19/3/26

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा- 17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/3/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव